जय श्रीमन्नारायण !

श्रीमते रामानुजाय नमः

श्रीमत्परमहंस परिव्राजकाचार्य

श्री श्री श्री त्रिदण्डी श्रीमन्नारायण रामानुज चिन्न जीयर स्वामीजी से संकल्पित

श्रीसमतामूर्ति - स्फूर्तिकेन्द्र

जीवा प्राङ्गण, श्रीरामनगर, शंषाबाद, ।

१०१७- -२०१६

श्रीमते रामानुजाय नमः

श्रीभगवद्रामानुज - सहस्राब्दी १०१७-२०१६.

प्रिय भगवद्बन्धुओ !

दीन - दलित एवम् उपेक्षित लोगों को मन्त्रोपदेश देने के कारण यदि मुझे नरकानुभव के लिए भागी बनना पड़े तब भी मैं तयार हूँ । परन्तु वे सब लोग इस दलदल (दुःखरूप संसार) से पार हो जाएँ -

इस प्रकार श्रीरामानुज स्वामीजी के उदार भाव को सुनकर उन के आचार्य श्रीगोष्ठीपूर्ण स्वामीजी कृपा से द्रवित हो गये । अर्थात् श्रीरामानुज स्वामीजी के विशाल हृदय को पहचानकर उन्होंने द्रविड़ भाषा में इस प्रकार संबोधित किया । **एम्बेरुमानारे** = हे ! रामानुज हम लोगों से आप बड़े हैं ।।

प्रत्येक प्राणी, जब भगवान् के ही सन्तान हैं तो हरिजन, गिरिजन आदि भेद भाव के बिना सब मानव भगवान् के ही कुटुम्ब हैं । वे सब परस्पर सहोदर हैं ।।

ऐसे प्रभु के दर्शन करके उज्जीवन प्राप्त करने का अधिकार सब को है । ऐसा कहकर भगवद्दर्शन के लिए साधिकार हरिजनों को भी भगवदालय में प्रवेश कराने वाले करुणासागर महापुरुष श्रीभगवद्रामानुज स्वामीजी हैं ।।

इस विशाल भूमण्डल में रुचि-विश्वासों से युक्त सब लोगों को निस्संकोच रूप से मन्त्र प्रदान करें इस प्रकार आचार्यपरम्परा को आदेश देकर स्वयं गोपुर में चढ़कर मन्त्र को फैलाने वाले समतामूर्ति हैं श्रीभगवद्रामानुज स्वामीजी ।।

श्रीवेंकटेश भगवान् का आदेश

अपने को शंख-चक्र देकर अपने आराधना-विधान को क्रम बद्ध बनाने वाले अपने गुरु (श्रीरामानुज स्वामीजी) की आज्ञा का प्रत्येक भक्त के घर में एवम् हर दिव्य देवालय में नित्य स्मरण (पालन) हो जाय। **रामानुजार्यदिव्याज्ञा वर्द्धतामभिवर्द्धताम्** । ऐसा कहकर तिरुमल (श्रीवेंकटाद्रि) क्षेत्र में स्वयं श्रीनिवास भगवान् ने यादव नामक राजा को आदेश दिया था ।।

गुरुं प्रकाशयेत् धीमान्

हम लोगों को ज्ञान प्रदान करने वाले गुरुजी की महिमा को सारे जगत् में प्रचार करने के लिए श्रीवेंकेश भगवान् ही आदेश दे रहे हैं तो ऐसे गुरु (आचार्य श्रीरामानुज स्वामीजी) का इस भूमि में अवतार लेकर सन् २०१६ में हजार वर्ष पूर्ण होने जा रहा है । इस हजार वर्ष के पूरा होने के पावन सन्दर्भ में उन महापुरुष के प्रति कृतज्ञता के रूप में हम लोगों को भी अवश्य कुछ करना है । इसी लिए ही इस हजार वर्ष (सहस्राब्दी) पर्व का आयोजन किया जा रहा है ।।

समतामूर्ति - स्फूर्तिकेन्द्र

२१६ फूट ऊँची श्रीरामानुज स्वामीजी की (पञ्च) लोहमूर्ति की स्थापना, संचलनात्मक एवम् स्फूर्तिदायक उन (श्रीरामानुज स्वामीजी) की विशेष जीवनियों का दर्शन एवम् सुप्रसिद्ध १०८ दिव्य देशों का एक ही स्थान में दर्शन, हजार करोड़ व्यय से सम्पन्न होनेवाले निर्माणों के लिए सन् २०१४ वैशाखशुक्ल **अक्षय तृतीया** के दिन प्रातःकाल जीवा प्राङ्गण श्रीरामनगर मुच्चिंतल रंगारेड्डी जिला (तेलंगाणा) में ५० एकड जमीन से युक्त विशाल स्थल में भूमिपूजन एवं शिलान्यास,महापुरुषों के समक्ष में विधि-विधान से सम्पन्न हुआ ।।

मूर्ति निर्माण

चाइना देश में समतामूर्ति श्रीरामानुज स्वामीजी का पञ्चलोह विग्रह का निर्माण शीघ्र ही सम्पन्न हो रहा है।।

इस में हम लोग क्या कर सकते हैं ?

हर महीने हम लोग अपने लिए कुछ न कुछ कमाते हैं । अपने जीवन में एक महीने की कमाई (आर्जन) को क्या ऐसे विलक्षण आचार्य (श्रीरामानुज स्वामीजी) की सेवा के लिए समर्पण कर सकते हैं? क्या इस प्रकार हम अपने नाम को ऐसे आचार्य की सन्निधि में शाश्वत रूप में सुरक्षित कर सकते हैं ?

तब फिर आइये । आपका विवरण (पता) दीजिए । यदि एक ही बार अर्पण नहीं कर सकते हैं तब भी कोई बात नहीं । आप तीन बार में भी समर्पण कर सकते हैं । आप सब लोग इस कार्य में सहभागी बनें, और आपके बन्धु-मित्रों को भी इस पावन कार्य में सहभागी बनावें ।।

कैसे भाग ले सकते हैं ?

आप का या आपके सम्बन्धी किसी का ईमेल ऐडी, आपका फोन नम्बर और पूरा पता बताते हुए आपके बहुमूल्य पवित्र द्रव्य (धन) को **श्रीरामानुज-सहस्राब्दी** इस नाम से भेजें। आप के उस पवित्र द्रव्य को आनलाईन द्वारा भी आप हम को भेज सकते हैं।

यहाँ के निर्माण से सम्बन्धित गति विधियों को ई मेल द्वारा यथा समय में आप लोगों को जानकारी देते रहेंगे। आप सब लोगों को इस निर्माण कार्य में सहभागी बनने के लिए हम सादर आमन्त्रण करते हैं।

जय श्रीमन्नारायण !

SRI RAMANUJA SAHASRABDI
Account Number: 209710100000007
Type: Savings Account
Andhra Bank,
JIVA Campus Branch
IFSC Code: ANDB0002097

REACH US AT

Sri Ramanuja Sahasrabdi, JIVA- Sri Ram Nagar, Muchintal, Palmakol (Po) 509325, R.R Dist, Telangana, India

CONTACT US AT

Sri Ramanuja Sahasrabdi JIVA Office

Ph: 9553549971/72
Website: http://statueofequality.org
Email: contact@statueofequality.org